# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
## 14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन,
## लखनऊ।

संख्या : 257/एस0इ0ए0सी0/पाकालि/2019 दिनांक : 01, मई, 2019

निदेशक (वाणिज्य),
विद्युत वितरण निगम लि0,
दक्षिणांचल–आगरा/मध्यांचल–लखनऊ/
पश्चिमांचल–मेरठ/पूर्वांचल–वाराणसी/केस्को–कानपुर।

2247/Com/19
02/05/2019

**विषयः– सब–स्टेशन डैशबोर्ड द्वारा अनुश्रवण करने के सम्बन्ध में।**

आप अवगत हैं कि मेसर्स आर0ई0सी0पी0डी0सी0एल0 द्वारा विगत में एक सब–स्टेशन डैशबोर्ड Develop किया गया है। जिसके द्वारा प्रत्येक उपकेन्द्र का पूर्ण विवरण, सभी वाणिज्यिक पैरामीटर्स सहित, परिलक्षित हो जाता है। साथ ही साथ बकायेदारों के सम्बन्ध में अवधिवार आंकड़ें भी उपलब्ध हो जाते हैं।

माननीय मंत्रीजी द्वारा भी यह अपेक्षा की गई है कि उपकेन्द्र पर सभी तरह के प्रकरणों की सूची यथा IDF, अनमीटर्ड, रीडिंग आधारित बिल, नये संयोजन के लम्बित मामले, प्रथम बिल के लम्बित मामले, कन्ज्यूमर का टर्नअप एवं राजस्व वसूली के आंकड़ें उपलब्ध रहे। उपरोक्त सभी वांछित आंकड़ें डैशबोर्ड के माध्यम से Single Click से ही उपलब्ध है। यह सभी आंकड़ें सम्बन्धित खण्ड के बिलिंग मास्टर से ऑनलाइन स्वंय ही प्राप्त हो कर डैशबोर्ड पर दर्शित होते है। आप सहमत होंगे कि यदि बिंलिग मास्टर में उपभोक्ता को 11 के0वी0 फीडर एवं उसके 33 के0वी0 उपकेन्द्र से टैग नहीं किया गया होगा तो सब–स्टेशन डैशबोर्ड के डाटा में आंकड़ें त्रुटिपूर्ण होंगे।

कृपया अपने अधीनस्थ फील्ड के अधिकारियों को निर्देशित कर दें कि डैशबोर्ड के माध्यम से प्रत्येक उपकेन्द्र के आंकड़ों की जांच कर लें एवं उसका मिलान वास्तविक स्थिति से करा लें। जहां आवश्यक हो वहां आवश्यकतानुसार Front-end से ही टैगिंग संशोधित करा लें एवं यदि संशोधन की आवश्यकता वृहद स्तर पर है तब उसके लिये Back-end से टैगिंग कराना सुनिश्चित करें।

नॉन–आर0ए0पी0डी0आर0पी0 क्षेत्र में जहां फ्लुएन्टग्रिड की बिलिंग है, वहां के लिए आवश्यक है कि, पहले बिलिंग सिस्टम में 11 के0वी0 फीडर तक Hierarchy अपडेट करा लें, जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा पत्र सं0 251/एस0इ0ए0सी0/पाकालि/2019 दिनांक 30.04.2019 द्वारा Template सहित पूर्व में निर्देशित किया जा चुका है।

आगामी बैठकों में वाणिज्यिक आंकड़ों का अनुश्रवण उपकेन्द्रवार डैशबोर्ड के माध्यम से ही किया जायेगा। अतः यह उचित होगा कि उपरोक्त के सम्बन्ध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करा ली जाए।

Seen
नि (वा)

C.E. (Com-2)

(ए0के0 श्रीवास्तव)
निदेशक (वाणिज्य)

निदेशक (वाणिज्य)
उ0प्र0पा0का0लि0

सं0 1375 मुख्य अभियन्ता (वा0–II)/20......
दिनांक 04-05-2019

प्रतिलिपि :

(आलोक कुमार)
अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
07.05.19

1. निजी सचिव, अध्यक्ष उ0प्र0पा0का0लि0।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0।
3. प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि0,
   दक्षिणांचल–आगरा/मध्यांचल–लखनऊ/पश्चिमांचल–मेरठ/पूर्वांचल–वाराणसी/केस्को–कानपुर।
4. मुख्य अभियन्ता (वाणिज्य–I/II), उ0प्र0पा0का0लि0।
5. अधीक्षण अभियन्ता, इनर्जी ऑडिट सेल, उ0प्र0पा0का0लि0।

SE EA

2174/DC/PCL/2019
03/05/2019

C:\Users\energy audit\Downloads\Telegram Desktop\letter 01-05-2019.docx

मुख्य अभियन्ता (वाणिज्य–II)